प्रीलिम्स फैक्ट्स: 06 अगस्त, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-06-08-2018

आंध्र प्रदेश ऊर्जा दक्षता में सबसे आगे

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) और नीति आयोग द्वारा जारी राज्यों की ऊर्जा दक्षता तत्परता सूचकांक (SEEPI) के अनुसार, आंध्र प्रदेश ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है।
- विश्व बैंक ने पहले ही ऊर्जा दक्षता कार्यान्वियन उपायों में आंध्र प्रदेश को नंबर 1 स्थान दिया है, इसके बाद केरल, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र का स्थान आता है|
- आंध्र प्रदेश, नगर पालिकाओं में ऊर्जा दक्षता, कृषि मांग पक्ष में प्रबंधन तथा घरेलू एवं बिल्डिंग सेक्टर के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन करके शीर्ष स्थान की दौड़ में अन्य राज्यों से आगे है|

भारतीय स्टार कछुआ

- 1,125 लुप्तप्राय भारतीय स्टार कछुए (Geochelone Elegana), जिन्हें तस्करी द्वारा बांग्लादेश ले जाया जा रहा था, को सिटी रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में जब्त किया गया है।
- इंडियन स्टार टोर्टोइज (Indian Star Tortoise) को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ़ नेचर (IUCN) की लुप्तप्राय प्रजातियों की लाल सूची में 'अतिसंवेदनशील' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- यह प्रजाति वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची IV में भी सूचीबद्ध है और विदेश व्यापार नीति के तहत निर्यात के लिये प्रतिबंधित है।
- यह प्रजाति सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जब्ती के अधीन है।
- भारतीय स्टार कछुए भौगोलिक घटना के तीन व्यापक क्षेत्रों में पाए जाते हैं: उत्तर-पश्चिम भारत (गुजरात, राजस्थान) और आसपास के दक्षिण-पूर्वी पाकिस्तान, तमिलनाडु के पूर्वी एवं दक्षिणी भाग, आंध्र प्रदेश तथा पूर्वी कर्नाटक से ओडिशा तथा संपूर्ण श्रीलंका|
- 'विदेशों में पालतू जानवर' के रूप में उपयोग के लिये बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिये इन प्रजातियों का अवैध व्यापार किया जाता है।